Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide water through pipeline from Panchana Bandh to Keoladeo National Sanctuary Bharatpur in Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): महोदय, मैं माननीय स्पीकर सर की भगवान से स्वस्थ होने की कामना करती हूं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हैरीटेज साइट के रूप में नामित किया गया है तथा विश्व पटल द्वारा उक्त उद्यान को संरक्षित करने एवं नमी भूमि में पहचान दिलाने के लिए उक्त उद्यान को रामसर साइट में पहचान दी गई है । परंतु पिछले 10 वर्षों से उक्त उद्यान भयंकर रूप से पानी की कमी को झेल रहा है । पूर्व में उक्त उद्यान को लगातार मानसून के समय पांचना बांध से करीब 650 एमसीएफटी पानी मिलता था, परंतु पांचना से उक्त पानी नहीं मिलने के कारण उक्त उद्यान का भविष्य संकट में है । वैकल्पिक रूप से उक्त उद्यान में पानी की व्यवस्था गोवर्धन कैनाल के आउट फ्लो एवं चंबल योजना से पूर्ति की जा रही है, वह ऊंट के मुंह में जीरा है । उद्यान में प्रति वर्ष पक्षियों की संख्या में गिरावट होती जा रही है ।

उक्त उद्यान के भविष्य को बचाने के लिए पांचना बांध से पानी की आपूर्ति अति आवश्यक है । उक्त पांचना बांध से सीधे पाइप लाइन के माध्यम से उक्त उद्यान को पानी की पूर्ति की जा सकती है तथा विश्व पटल पर उक्त धरोहर को बचाया जा सकता है । उक्त उद्यान दिल्ली, आगरा, जयपुर के गोल्डन ट्राई-एंगल पर स्थित है, इस कारण उक्त उद्यान देश के प्रमुख पर्यटन स्थल में आता है । मेरे क्षेत्र के हजारों लोगों को उक्त उद्यान से रोजगार उपलब्ध हो रहा है, परंतु पानी न मिलने के कारण लोगों का रोजगार संकट में है ।